# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

# प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

*पत्र संख्या- 234/2025* *दिनांक- 02.07.2025*

हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ के निर्देशन में साइबर अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अभियान के क्रम में दिनांक- 02.07.2025 को थाना कोतवाली व साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अन्तराज्यीय 05 नफर शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से क्रेडिट कार्ड से फ्राड करके खरीदे गये मोबाईल व अन्य सामान बरामद किया गया है।

## थाना-कोतवाली

## क्रेडिट कार्ड से फ्राड करने वाला अन्तर्राज्यीय 05 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लगभग 33 अदद मोबाईल फोन कीमत लगभग 10 लाख रू/-, 14 अदद क्रेडिट/डेबिट कार्ड, एक हुंडई वरना कार बरामद ।

### गिरफ्तारी का विवरण/घटना का अनावरणः-

**थाना कोतवाली को दिनांक 01.07.2025 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कुछ लोगों द्वारा साइबर ठगी कर मोबाईल खरीदकर सस्ते दामों में बेचा जा रहा है। जिसकी सूचना पर थाना कोतवाली एवं साइबर सेल की दो टीमें बनाकर पतारसी सुरागरसी प्रारम्भ किया गया। जिसमें एक टीम जनपद के अन्दर मुखबिर मामूर करते हुए भ्रमणशील रही तथा दूसरी टीम मुखबिर के सूचना के आधार पर जनपद के बाहर मौजूद थी, जिसके क्रम में-**

**दिनांक- 01.07.2025 को उ0नि0 रामकिशोर शर्मा मय हमराह** को मुखबिर द्वारा बताया गया कि बाजार में कुछ लोग मोबाईल की दुकानों पर घुम घुमकर चोरी के नये मोबाईल सस्ते दामों में बेचने के लिए अच्छे ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। प्राप्त सूचना के आधार पर अभियुक्त 1. अंजेश सरोज पुत्र रामबचन पासवान ग्राम रसूलपुर थाना रानीपुर जनपद मऊ उम्र 19 वर्ष, 2. आदित्य सिंह पुत्र अजय सिंह ग्राम जमीन भीख बड़हलगंज थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़ उम्र 18 वर्ष, 3. दीपक पुत्र हरेन्द्र ग्राम हाफिजपुर चट्टी थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ उम्र 19 वर्ष को समय 20.45 बजे प्राइवेट बस अड्डा से नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया तथा कब्जे से 2 अदद नए मोबाईल फोन, व 05 अदद पुराने मोबाईल फोन, 7 अदद बैंक क्रेडिट कार्ट/डेबिट कार्ड, 03 अदद भिन्न भिन्न बैंको के चेक व 2500 रूपया बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 298/25 धारा 317(2), 318(4),319(2),3(5) बीएनएस थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ पंजीकृत किया गया। पकड़े गये अभियुक्तों द्वारा बताया गया हमारा एक अन्य साथी क्रेडिट कार्ड से फ्राड करने हेतु डिटेल प्राप्त करने गाजीयाबाद दिल्ली की तरफ गया है। जिसपर दिल्ली में पूर्व से मामूर द्वितीय टीम को उक्त सूचना से अवगत कराया गया। जिसके उपरान्त दुसरी टीम द्वारा दिनांक 01.07.2025 को उ0नि0 सौरभ त्रिपाठी मय हमराह व हे0कां0 ओमप्रकाश जायसवाल साइबर सेल द्वारा मुखबिर की सूचना पर बताये गये अभियुक्त 1. नायाब अनवर पुत्र कुद्दूस निवासी दानापुर थाना दानापुर जनपद पटना बिहार उम्र 25 वर्ष, 2. संयम जैन पुत्र प्रमोद जैन निवासी एस 115116 द्वितीय फ्लोर परमपुरी उत्तम नगर डी.के. मोहन गार्डेन दिल्ली उम्र 32 वर्ष को दिल्ली से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से 03 अदद पुराने मोबाइल व 23 अदद सीलशुदा नए मोबाइल, कुल 07 डेबिट/क्रेडिट/वीजा /गेम कार्ड, कुल 1250 रू0, घटना में प्रयुक्त एक अदद वाहन संख्या DL12CQ1300 कार बरामद किया गया।

### अपराध करने का तरीका/ पूछताछ का विवरणः-

अभियुक्तों द्वारा पूछताछ ने बताया गया कि उनके द्वारा संगठित रूप से टीम बनाकर लोगों को काल करके अपने आप को क्रेडिट कार्ड का अधिकारी कर्मचारी बताते हुए क्रेडिट कार्ड के रिनुअल कराने/बन्द कराने/लिमिट बढाने/रिवार्ड प्वाइंट को कैस करने के नाम पर धोखा देकर कार्ड की डिटेल एवं OTP प्राप्त करके अलग अलग दुकानों से नया मोबाईल खरीदकर उसका क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करते हैं। उसके बाद हमलोग मोबाईलों को सस्ते दामों में बाजार में बेचकर उससे नगद प्राप्त कर मुनाफा कमाते हैं। जिसके लिए कभी कभी हमलोग अलग अलग होकर दुकानों पर जाते हैं। कभी कभी कार में सवार होकर एकसाथ जाकर भी ये काम करते हैं।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण/आपराधिक इतिहासः-

1. अंजेश सरोज पुत्र रामबचन पासवान ग्राम रसूलपुर थाना रानीपुर जनपद मऊ उम्र 19 वर्ष,
2. आदित्य सिंह पुत्र अजय सिंह ग्राम जमीन भीख बड़हलगंज थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़ उम्र 18 वर्ष,
3. दीपक पुत्र हरेन्द्र ग्राम हाफिजपुर चट्टी थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ उम्र 19 वर्ष
4. नायाब अनवर पुत्र कुद्दूस निवासी दानापुर थाना दानापुर जनपद पटना बिहार उम्र 25 वर्ष,
5. संयम जैन पुत्र प्रमोद जैन निवासी एस 115116 द्वितीय फ्लोर परमपुरी उत्तम नगर डी.के. मोहन गार्डेन दिल्ली उम्र 32 वर्ष

## आपराधिक इतिहास-

नायाब अनवर पुत्र कुद्दूस निवासी दानापुर थाना दानापुर जनपद पटना बिहार उम्र 25 वर्ष,

1.मु0अ0सं0 760/2023 धारा 66डी आईटी एक्ट थाना बड़ौत जनपद बागपत

संयम जैन पुत्र प्रमोद जैन निवासी एस 115116 द्वितीय फ्लोर परमपुरी उत्तम नगर डी.के. मोहन गार्डेन दिल्ली उम्र 32 वर्ष

1.मु0अ0सं0 1208/2023 धारा 381/507 भादवि थाना इन्द्रापुरम गाजियाबाद

## वांछित/फरार अभियुक्त –

1.दीपक उर्फ रोहन पता अज्ञात

2. गोलू पता अज्ञात

## बरामदगी का विवरणः-

1. 25 नये मोबाईल फोन सील पैक
2. 8 पुराने मोबाईल फोन
3. 14 अदद क्रेडिट/डेबिट कार्ड/मैट्रो कार्ड/गेम कार्ड,
4. 01 हुंडई वरना कार बरामद।
5. 3750 रूपया

## गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

**प्रथम टीम-**

उ0नि0 सौरभ त्रिपाठी थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़

हे0कां0 सर्वेश विक्रम थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़

हे0कां0 ओपी जायसवाल (साइबर सेल आजमगढ़)

हे0कां0 संजय सिंह(सर्विलांस सेल आजमगढ़)

कां0 बसन्तलाल थाना कोतवाली आजमगढ़

**द्वितीय टीम-**

उ0नि0 रामकिशोर शर्मा थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़

उ0नि0 अभिषेक कुशवाहा थाना कोतवाली आजमगढ़

कां0 अखिलेश यादव थाना कोतवाली आजमगढ़

कां0 काशी कुमार थाना कोतवाली आजमगढ़

कां0 हीरालाल थाना कोतवाली आजमगढ़